स्कूल को भूमि दान देने के लिए बनी समिति

- पालिका बोर्ड बैठक में चार सभासदों की बनी टीम
- अगली बोर्ड बैठक में समिति रखेगी अपनी रिपोर्ट

फतेहपुर, जागरण संवाददाता : मूक बाधिर बच्चों के लिए चल रहे स्कूल को भूमि-दान करने के लिए बुलाई गई पालिका बोर्ड की विशेष बैठक बिना फाइनल निर्णय के खत्म हो गई। डीएम के निर्देश पर कार्यवाही करने के लिए बुलाई गई बैठक में शामिल सभासदों ने जमीन दान करने से पूर्व एक समिति बनाने और फिर रिपोर्ट के आधार पर अगली बोर्ड बैठक में निर्णय लिए जाने पर सहमति की मुहर लगाई। शहर के मसवानी में भावना विकलांग विद्यालय संचालित हो रहा है। संचालनकर्ता ने भूमि के लिए शासन-प्रशासन तक पैरवी कर सरकारी जमीन की जरूरत जताई। जिस पर तत्कालीन डीएम राजीव रौतेला के निर्देश पर एसडीएम सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, राजस्व विभाग ने कई जमीनों का स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम ने शांतिनगर में रोडवेज बस स्टाप के पीछे की जमीन को चिन्हित करके रिपोर्ट डीएम को भेज दी। जिस पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया था कि बोर्ड से जमीन दान करने की आवश्यक कार्यवाही कराएं। गुरुवार को चेयरमैन चंद्र प्रकाश लोधी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक बुलाई गई। अधिशासी अधिकारी ने तयशुदा एजेंडा पढ़कर सुनाया। जिस पर सभासदों ने त्वरित निर्णय लेने के बजाए एक समिति का गठन किया जिसमें सभासद राजबहादुर, सुनील कुमार, कमला देवी, शादाब अहमद को नामित कर दिया। चार सदस्यीय समिति रिपोर्ट देगी जिसे अगली बैठक में रखने पर निर्णय लिया जाएगा। अधिशासी अधिकारी रश्मि भारती ने बताया कि बोर्ड बैठक में सदस्यों के निर्णय के आधार पर कार्यवाही बढ़ाई गई है। बैठक में आरिफ गुड्डा, हाजी रजा, विनय तिवारी सहित सभासद रहे।

पालिका बोर्ड की बैठक लेते पालिकाध्यक्ष व ईओ। जागरण